**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3872**

**मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**स्टार्टअप को प्रोत्साहन**

**3872. श्री भारत सिंह कुशवाहः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने का विचार रखती है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा वर्तमान में राज्य-वार संचालित इनक्यूबेशन सेंटरों की संख्या क्या है;

(ग) मध्य प्रदेश में संचालित इनक्यूबेशन सेंटरों का ब्यौरा क्या है और इससे लाभान्वित स्टार्टअप्स की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) इनक्यूबेशन सेंटरों में स्टार्टअप्स को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ङ) ग्वालियर, मध्य प्रदेश में स्टार्टअप के अंतर्गत संचालित इनक्यूबेशन सेंटरों की सूची, उनके स्थान, स्थापना अवधि और उनसे लाभान्वित स्टार्टअप्स का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या वे वर्तमान में प्रचालनरत हैं अथवा बंद हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) और (ख):** देश के स्टार्टअप ईकोसिस्टम को सहायता प्रदान करने हेतु, सरकार ने 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया कार्य-योजना के अनावरण के साथ स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत की, जिसमें "सरलीकरण और सहायता", "वित्त पोषण सहायता और प्रोत्साहन" तथा "उद्योगजगत-अकादमिक क्षेत्र की साझेदारी और इन्क्यूबेशन" जैसे क्षेत्रों से संबंधित 19 कार्य मदें शामिल हैं। इस कार्य-योजना को लागू करने के लिए सरकार, स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न स्कीमें/कार्यक्रम लागू कर रही है, जैसे - स्टार्टअप्स हेतु निधियों का कोष (एफएफएस), स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) और स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएसएस), अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), नेशनल इनीशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन कार्यक्रम (निधि), जैव प्रौद्योगिकी उद्योग

अनुसंधान सहायता परिषद कार्यक्रम (बाईरैक), एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब पहल (एमएसएच) और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत नवप्रयोग और कृषि-उद्यमिता विकास कार्यक्रम।

स्टार्टअप इंडिया कार्य योजना का एक प्रमुख स्तंभ "उद्योग जगत-अकादमिक क्षेत्र की साझेदारी और इन्क्यूबेशन" है, जिसके अंतर्गत सरकार देशभर में इन्क्यूबेटरों की सहायता के लिए विभिन्न पहलें लागू कर रही है। इस प्रयोजनार्थ प्रमुख स्कीमें और कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:

i. **स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस)** के अंतर्गत, इन्क्यूबेटरों को सीड फंडिंग और इन्क्यूबेशन के साथ-साथ स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन सहायता दी जाती है।

ii. **टेक्नोलॉजी इन्क्यूबेशन एंड डेवलपमेंट ऑफ एंटरप्रेन्योर्स (टाइड 2.0)** स्कीम इन्क्यूबेटरों को वित्तीय और तकनीकी सहायता के माध्यम से प्रौद्योगिकी-आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देती है।

iii. **जेन-नेक्स्ट सपोर्ट फॉर इनोवेटिव स्टार्टअप्स स्कीम (जेनेसिस)** टियर 2 और टियर 3 शहरों में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ईकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाने के लिए इन्क्यूबेटरों को कार्यान्वयन एजेंसियों के रूप में नियुक्त करती है।

iv. **इनोवेशन एंड एग्री-एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट** प्रोग्राम के अंतर्गत, आरकेवीवाई एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेटर्स (आर-एबीआई) को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में स्टार्टअप्स के कार्यान्वयन सहायता और इन्क्यूबेशन के लिए नियुक्त किया जाता है।

v. अटल इन्क्यूबेशन केंद्र (एआईसी) इन्क्यूबेशन सुविधाएं और अटल सामुदायिक नवप्रयोग केंद्र (एसीआईसी) **एआईएम** के तहत स्थापित किए गए हैं, ताकि नवप्रयोग आधारित स्टार्टअप व्यवसायों को प्रोत्साहित किया जा सके और स्टार्टअप और नवप्रयोग ईकोसिस्टम के संदर्भ में देश के सेवाओं से वंचित/अल्पसेवित क्षेत्रों को सेवा प्रदान की जा सके।

vi. बायोइन्क्यूबेटर्स नर्चरिंग एंटरप्रेन्योरशिप फॉर स्केलिंग टेक्नोलॉजीज **(बायोनेस्ट)** स्कीम के तहत, देशभर के विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, महाविद्यालयों, बिजनेस इन्क्यूबेटरों, बायोटेक पार्कों, राज्य सरकारों के विज्ञान और प्रौद्योगिकी निकायों आदि सहित विभिन्न संस्थानों में इन्क्यूबेटर स्थापित किए गए हैं।

vii. **'निधि'** टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर (टीबीआई), निधि समावेशी टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर (आईटीबीआई) और निधि उत्कृष्टता केंद्र जैसे कार्यक्रम,

स्टार्टअप इन्क्यूबेटरों की स्थापना के लिए परिचालन व्यय और पूंजीगत व्यय सहायता प्रदान करते हैं।

इन स्कीमों के अंतर्गत सहायताप्राप्त इन्क्यूबेटरों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण **अनुबंध-I** के रूप में संलग्न है।

**(ग) से (च):** इन्क्यूबेशन केंद्र स्टार्टअप्स की आवश्यकताओं और इन्क्यूबेटरों द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे विशिष्ट कार्यक्रमों के अनुरूप, स्टार्टअप्स को भौतिक अवसंरचना, मार्गदर्शन, वित्त-पोषण सहायता, व्यवसायगत और तकनीकी सहायता, नेटवर्किंग, प्रशिक्षण कार्यक्रम, क्षेत्र-विशिष्ट सहायता और मूल्यवर्धित सेवाओं जैसी व्यापक सहायता प्रदान करते हैं।

ग्वालियर सहित मध्य प्रदेश राज्य में विभिन्न स्कीमों के तहत सहायता प्राप्त इन्क्यूबेटरों की विस्तृत सूची और लाभान्वित स्टार्टअप्स की संख्या **अनुबंध-II** के रूप में संलग्न है।

*****

**अनुबंध-I**

**दिनांक 12.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3872 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत सहायताप्राप्त लाभार्थी इन्क्यूबेटरों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार संख्या निम्नानुसार है:**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | लाभार्थी इनक्यूबेटरों की संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एसआईएसएफएस | टाइड 2.0 | जेनेसिस | आरकेवीवाई | एआईएम | बाईरैक बायोनेस्ट | निधि |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 3 | 10 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | - | - | - | 1 | - | - | - |
| 3. | असम | 3 | 1 | 1 | - | 3 | 4 | 2 |
| 4. | बिहार | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 |
| 5. | चंडीगढ़ | - | - | - | - | - | 1 | - |
| 6. | छत्तीसगढ | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | - | 4 |
| 7. | दिल्ली | 13 | 2 | - | - | 7 | 7 | 8 |
| 8. | गोवा | 5 | - | 1 | - | 1 | 1 | 3 |
| 9. | गुजरात | 22 | 3 | 3 | 1 | 6 | 5 | 15 |
| 10. | हरियाणा | 6 | 1 | 2 | 1 | 3 | 1 | 2 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 3 | 1 | 1 | 1 | - | 1 | 3 |
| 12. | जम्मू और कश्मीर | 1 | 1 | 2 | 1 | 2 | 2 | 6 |
| 13. | झारखंड | 1 | - | 1 | - | 1 | - | 1 |
| 14. | कर्नाटक | 22 | 6 | 3 | 1 | 11 | 10 | 20 |
| 15. | केरल | 5 | 1 | 4 | 1 | 2 | 2 | 7 |
| 16. | मध्य प्रदेश | 7 | 1 | 3 | 1 | 3 | - | 4 |
| 17. | महाराष्ट्र | 29 | 3 | 3 | 2 | 8 | 4 | 16 |
| 18. | मेघालय | - | - | - | - | - | 3 | - |
| 19. | मिजोरम | 2 | - | 1 | 1 | - | 1 | 1 |
| 20. | नागालैंड | 2 | - | 1 | - | - | - | - |
| 21. | ओडिशा | 10 | 2 | 3 | 1 | 3 | 2 | 5 |
| 22. | पुदुच्चेरी | 2 | - | - | - | 1 | - | - |
| 23. | पंजाब | 9 | 2 | 4 | 1 | 2 | 1 | 9 |
| 24. | राजस्थान | 12 | 4 | 4 | 1 | 5 | 1 | 6 |
| 25. | सिक्किम | 1 | - | 1 | - | 1 | - | - |
| 26. | तमिलनाडु | 22 | 6 | 5 | 1 | 9 | 10 | 27 |
| 27. | तेलंगाना | 12 | 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 12 |
| 28. | त्रिपुरा | - | - | - | 1 | - | - | 1 |
| 29. | उत्तर प्रदेश | 13 | 3 | 10 | 2 | 6 | 5 | 13 |
| 30. | उत्तराखंड | 2 | 1 | 3 | 1 | - | 1 | 4 |
| 31. | पश्चिम बंगाल | 2 | 1 | 1 | 1 | - | - | 5 |
| **कुल** | | **219** | **51** | **65** | **24** | **86** | **75** | **186** |

*****

**अनुबंध-II**

**दिनांक 12.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3872 के भाग (ग) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**मध्य प्रदेश में विभिन्न सरकारी स्कीमों के तहत सहायताप्राप्त लाभार्थी इन्क्यूबेटरों की सूची और लाभान्वित स्टार्टअप्स की संख्या निम्नानुसार है:**

| क्रम सं. | सहायताप्राप्त इन्क्यूबेटर का नाम | मध्य प्रदेश का शहर/जिला | सहायताप्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या |
|---|---|---|---|
| **स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस)** | | | |
| 1. | एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन | रायसेन | 24 |
| 2. | आईआईटीआई उन्नत उद्यमिता केंद्र (एसीई) फाउंडेशन | इंदौर | 41 |
| 3. | आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन | इंदौर | 11 |
| 4. | एसजीएसआईटीएस इन्क्यूबेशन फोरम | इंदौर | 10 |
| 5. | जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड | जबलपुर | 20 |
| 6. | एआईसी-प्रेस्टीज इंस्पायर फाउंडेशन | इंदौर | 22 |
| 7. | बी-नेस्ट फाउंडेशन | भोपाल | 10 |
| **प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेशन और उद्यमी विकास स्कीम (टाइड 2.0)** | | | |
| 1. | प्रौद्योगिकी नवप्रयोग और इन्क्यूबेशन केंद्र (टीआईआईसी), अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान (एबीवी-आईआईआईटीएम) | ग्वालियर | 20 |
| **नवोन्मेषी स्टार्टअप्स के लिए जेन-नेक्स्ट सपोर्ट स्कीम (जेनेसिस)** | | | |
| 1. | एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन | रायसेन | 2 |
| 2. | अनुपम इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर | भोपाल | 2 |
| 3. | आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन | इंदौर | 2 |
| **नवप्रयोग और कृषि-उद्यमिता विकास कार्यक्रम - राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई)** | | | |
| 1. | जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय | जबलपुर | 52 |
| **अटल नवप्रयोग मिशन (एआईएम)** | | | |
| 1. | एआईसी - आरटेक सोलोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड | रायसेन | 29 |
| 2. | एआईसी - आरएनटीयू फाउंडेशन | रायसेन | 74 |
| 3. | एआईसी - प्रेस्टीज इंस्पायर फाउंडेशन | इंदौर | 11 |
| **नवप्रयोग विकास एवं दोहन हेतु राष्ट्रीय पहल (निधि)** | | | |
| 1. | डीएवीवी इन्क्यूबेशन सेंटर | इंदौर | 36 |
| 2. | एसजीएसआईटीएस इन्क्यूबेशन फोरम (एसआईएफ) | इंदौर | 70 |
| 3. | जीएच रईसोनी यूनिवर्सिटी इनक्यूबेटर | छिंदवाड़ा | - |
| 4. | उद्यमिता नवप्रयोग एवं इन्क्यूबेशन केंद्र (आईआईसीसी) | भोपाल | 6 |

*****